नवरात्रि का धूमधाम से समापन, राम-सीता विवाह कार्यक्रम ने मोहा मन



केशवदास जी महाराज



अध्यक्ष



उपाध्यक्ष



सरयू नदी में की गयी मूर्ति विसर्जित

तरबगंज, गोंडा। नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम धनौली, पोस्ट धनौली, तहसील तरबगंज, जिला गोंडा में भगवान श्रीराम एवं माता सीता के विवाह का भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे गांव में भक्ति एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग को धार्मिक परंपराओं एवं रीति-रिवाजों के साथ प्रस्तुत किया गया। विवाह प्रसंग के दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। भगवान श्रीराम और माता सीता के जयकारों से आयोजन स्थल गूंज उठा। ग्रामीणों ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। नवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम ने गांव में आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया। समस्त ग्रामवासियों की सहभागिता से कार्यक्रम का माहौल और भी भव्य एवं आकर्षक बन गया। धार्मिक आयोजन के माध्यम से लोगों को भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग और माता सीता के धैर्य एवं समर्पण से प्रेरणा लेने का संदेश मिला। अयोध्या से आये हुए कथावाचक केशवदास जी महाराज ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जय मां काली नव दुर्गा पूजा महोत्सव धनौली के आयोजकों में शिवम सिंह अध्यक्ष, पवन सिंह उपाध्यक्ष, पण्डित अवनीश पाठक और कमेटी के सभी सहयोगी गण संतोष सिंह, रवीन्द्र सिंह कमलाशरण सिंह पूर्व बीडीसी, वासुदेव सिहं, इन्द्र बहादुर सिंह, शेष कुमार सिंह,ध्रुब सिंह अजय प्रताप सिंह, सहदेव सिंह मानसिंह श्याम सिंह, जनकराम सिंह बहादुर सिंह,शिवा शर्मा आदि कार्यकर्ता द्वारा आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। मूर्ति विसर्जन धनौली ग्रामवासियों के सहयोग से सरयू नदी में विधि विधान से सकुशल सम्पन्न कराया गया।

पुलिस स्मृति दिवस पर डीआईजी ने शहीद पुलिसकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

रिजर्व पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को किया नमन



गोण्डा। पुलिस स्मृति दिवस-2026 के अवसर पर बुधवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक, देवीपाटन परिक्षेत्र, गोण्डा श्री अशोक कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीद पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्र एवं समाज की सुरक्षा के लिए शहीद जवानों के अदम्य साहस, वीरता, कर्तव्यनिष्ठा और त्याग को नमन किया। प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस उन वीर पुलिसकर्मियों की शहादत की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने देश की सुरक्षा, शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इस दिवस का ऐतिहासिक महत्व 21 अक्टूबर, 1959 की उस घटना से जुड़ा है, जब लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में भारत-चीन सीमा पर तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों पर चीनी सैनिकों ने घात लगाकर हमला किया था। इस हमले में देश की रक्षा करते हुए सीआरपीएफ के 10 वीर जवान शहीद हो गए थे। उन्हीं की स्मृति में प्रत्येक वर्ष पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, गोण्डा सहित जनपद के अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

कर्तव्य, साहस और राष्ट्रसेवा की अमिट मिसाल

कर्तव्य पथ पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों का त्याग, समर्पण और शौर्य सदैव राष्ट्र को प्रेरणा देता रहेगा। उनकी अमर शहादत देश की सुरक्षा के प्रति समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है।

जूनियर वर्ल्ड सॉफ्ट टेनिस चौम्पियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करेगा जनपद का लाल

बहराइच। लुधियाना पंजाब में माह फरवरी 2026 में आयोजित हुई द्वितीय जूनियर एशियन सॉफ्ट टेनिस चौम्पियनशिप 2026 में मिक्स्ड टीम इवेंट में स्वर्ण पदक तथा डबल्स स्पर्धा में कांस्य पदक जीत कर ऐतिहासिक दोहरी सफलता से अंतरराष्ट्रीय मंच पर जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन करने वाले बहराइच के चौम्पियन खिलाड़ी प्रणव मिश्रा आगामी दिनों में चीन के शहर जिंगसम में 26 से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाली 5वीं जूनियर वर्ल्ड सॉफ्ट टेनिस चौम्पियनशिप में कुछ कर गुजरने की चाह के साथ स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा, राई (सोनीपत, हरियाणा) में योग्य प्रशिक्षकों की देख-रेख में तैयारी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मोहल्ला बख्शीपुरा चांदमारी निवासी प्रणव मिश्रा जो वर्तमान में वर्तमान समय में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफहरियाणा, राई (सोनीपत, हरियाणा) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्हें चीन के शहर जिंगसम में आयोजित होने वाली वर्ल्ड सॉफ्ट टेनिस चौम्पियनशिप में किसी प्रकार का अभाव न हो, इसके लिए सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की प्रेरणा से शहर के व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा प्रणव मिश्रा को नकद रूप से प्रोत्साहन धनराशि भेंट की गई। मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित डीएम चौम्बर में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय तथा स्टार टेनिस खिलाडी के पिता आदि देव मिश्रा की मौजूदगी में गल्ला व्यापार उद्योग मण्डल के अध्यक्ष प्रमोद डालमिया, चावल निर्माता समिति के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, उद्योग व्यापार मण्डल के उपाध्यक्ष अमित टण्डन द्वारा नकद रूप से प्रोत्साहन धनराशि भेंट की गई।

एक नजर

नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई



कैसरगंज ,बहराइच शारदीय नवरात्र के समापन पर मंगलवार को जरवल कट्टी में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। नौ दिनों तक मां की आराधना के बाद विदाई की बेला आई तो श्रद्धालु भावुक हो उठे। 'जय माता दी' और 'अगले बरस तू जल्दी आना मां' के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।कैसरगंज सब्जी मंडी, पीपल वाली गली, नौगइयां, देवलखा, कड़सर, चकपिहानी, वैरीमहेशपुर व जमालुद्दीनपुर समेत थाना क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक स्थानों पर स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए जरवल कट्टी लाया गया। भक्ति गीतों और जयकारों के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को भावभीनी विदाई दी।विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र में शांति और जनकल्याण की कामना की। प्रतिमाओं की विदाई के समय भक्तों की आंखें नम हो गईं। श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष मां के पुन: आगमन की प्रार्थना करते हुए 'अगले बरस तू जल्दी आना मां' के जयकारे लगाए।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख संदीप कुमार बिसेन सिंह, डॉ. अरविंद सिंह, पवन कुमार सिंह, कौशलेन्द्र चौधरी, हिमांशु सिंह, शिव सहाय सिंह, बुद्धिसागर गुप्ता, सत्यम सोनी, संदीप सोनी,राकेश, प्रमोद सिंह, दीप यज्ञसैनी,रवि सोनी, बद्रीबाबा, राजेश सोनी, अरूण गुप्ता, विष्णु चन्द्र श्रीवास्तव, सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए चलेगा अभियान

कैसरगंज, बहराइच मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित पात्र नागरिकों को एक और अवसर देने के लिए 24 अक्टूबर 2026 को विशेष अभियान चलाया जाएगा। उप जिलाधिकारी कैसरगंज प्रशांत कुमार नायक ने नागरिकों से अपील की है कि वे मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। नाम दर्ज न होने या विवरण में त्रुटि होने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर अपने नाम का पंजीकरण अथवा संशोधन कराएं।एसडीएम श्री ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। मतदान करना नागरिक का अधिकार है और इसके लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज होना जरूरी है। ऐसे युवा, जिन्होंने निर्धारित आयु पूरी कर ली है, तथा अन्य पात्र नागरिक जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे इस अवसर का लाभ उठाएं।उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान संबंधित मतदाता अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर पहुंचकर बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर अपना नाम दर्ज कराने की कृपा करे।

24 को लगेगा विशेष मतदाता पंजीकरण कैंप

अम्बेडकरनगर। विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण.2026 के बाद छूटे हुए और पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं के नाम सूची में शामिल कराने के लिए 24 अक्टूबर को जिले के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। कैंप में बीएलओ सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक मौजूद रहकर पात्र नागरिकों से फार्म.6 प्राप्त करेंगे।डप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योत्स्ना बंधु ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए पात्र नागरिक अपनी अद्यतन फेटो जन्मतिथि और निवास से संबंधित अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतियां लेकर संबंधित मतदान केंद्र पर बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं।

निकली दुर्गा प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा



श्रावस्ती। नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना के बाद बुधवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा जनपद मुख्यालय भिनगा सहित इकौना, जमुनहा, गिरन्ट बाजार , सिरसिया में निकाली गयी। भिनगा में विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी विसर्जन शोभा यात्रा अपने पराम्परागत मार्गों से निकाली जा रही है।डीजे के धुन पर भक्तिगीतों और मां के जयकारों के बीच श्रद्धालु झूमते हुए विसर्जन यात्रा के साथ चल रहे है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस मुस्तैद रही। जिले में बीते 11 अक्टूबर को शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ हुआ था। इसके बाद भिनगा, इकौना और जमुनहा तहसील क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर दुर्गा पूजा पंडाल सजाकर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं।

घाघरा में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हादसा, एक की मौत; तीन लापता

दो अलग-अलग घाटों पर डूबे श्रद्धालु, दो की हालत गंभीर; गोताखोरों की मदद से तलाश जारी

गोंडा। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान मंगलवार को जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों से मातम छा गया। लक्ष्मनपुर स्थित घाघरा नदी में पांच श्रद्धालु डूब गए। इनमें एक का शव बरामद हुआ, जबकि दो लापता हैं। दो श्रद्धालुओं को नदी से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई गई है। वहीं, धानेपुर क्षेत्र के भैंसहवा घाट पर भी एक श्रद्धालु डूब गया, जिसकी तलाश की जा रही है। तरबगंज क्षेत्र के भैरमपुर गांव निवासी सुमित प्रजापति, अभिषेक तिवारी, रामविलास प्रजापति, रघुवर और प्रदीप गांव में स्थापित दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के लिए लक्ष्मनपुर स्थित घाघरा नदी पहुंचे थे। विसर्जन के दौरान पांचों नदी में डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने बचाव का प्रयास किया। रघुवर और प्रदीप को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि अभिषेक और रामविलास लापता हो गए। सुमित का शव बरामद कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि दो श्रद्धालुओं को अस्पताल भेजा गया है। लापता लोगों की तलाश में गोताखोर लगाए गए हैं। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। **भैंसहवा घाट पर भी श्रद्धालु लापता** दूसरी घटना धानेपुर क्षेत्र के भैंसहवा घाट की है। यहां ग्राम पंचायत बिहुरी के मजरा शिवबक्श पुरवा निवासी तुलाराम शुक्ल प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूब गए। बताया गया कि गांव के पांच लोग गहरे पानी में चले गए थे। उन्हें बचाने के प्रयास के दौरान तुलाराम भी नदी में डूब गए। थानाध्यक्ष विपुल पांडेय ने बताया कि तुलाराम की तलाश की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार रजक के अनुसार, दोनों स्थानों पर पुलिस और प्रशासन की टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। **विसर्जन से लौट रहे ट्रैक्टर-ट्रॉला की ट्रक से भिड़ंत, दो श्रद्धालुओं की मौत** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कर अयोध्या से लौट रहे श्रद्धालुओं का ट्रैक्टर-ट्रॉला बुधवार रात राजासगरा चौराहे के पास सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ गया। भीषण टक्कर में आठ श्रद्धालु घायल हो गए। इनमें दो की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद परिवारों में कोहराम मच गया। मोतीगंज क्षेत्र के गोविंदपारा निवासी नितिन, सोनू, रामकुमार, संतराम, राजनरायन और अन्य लोग ट्रैक्टर-ट्रॉला से अयोध्या में दुर्गा प्रतिमा विसर्जित कर घर लौट रहे थे। राजासगरा चौराहे के पास सामने से प्रतिमा लेकर अयोध्या जा रहे ट्रक से उनके वाहन की भिड़ंत हो गई। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशुतोष शुक्ल के अनुसार, नितिन का पैर टूट गया था। अन्य घायलों का भी उपचार किया गया। पूर्व ग्राम प्रधान योगेश मिश्र ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान पहले संजय और देर रात आशीष ने दम तोड़ दिया। संजय और आशीष मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। दोनों अविवाहित थे। संजय दो भाइयों में बड़े थे। उनके पिता राम केवल का तीन वर्ष पहले निधन हो चुका था। आशीष के परिवार में छोटा भाई आदित्य और एक विवाहित बहन है। दो युवकों की मौत से स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक चालक केशवपुर पहाड़वा, कोतवाली नगर से प्रतिमा लेकर अयोध्या जा रहा था। प्रतिमा को दूसरे वाहन से अयोध्या भेजने की व्यवस्था की गई। हादसे के कारण करीब 20 मिनट तक आवागमन बाधित रहा, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बहाल कराया। पुलिस दुर्घटना के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटा रही है।

कोषागार को जीवित प्रमाण पत्र आनलाइन प्रेषित कर सकते हैं पेंशनर्स

बहराइच । वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि जनपदीय कोषागार कार्यालय बहराइच से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनर्स जिनके द्वारा माह नवम्बर 2026 में जीवित प्रमाण पत्र जमा किया जाना है। ऐसे पेंशनर्स अपनी सुविधानुसार अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र/साइबर कैफे/डाकघर इत्यादि में जाकर जीवन प्रमाण वेबसाइट जीवनप्रमाण डाट जीओवी डाट इन पर डिजिटल लाईफ सर्टिफिक्रेट (डीएलसी) जनरेट कर कोषागार कार्यालय को आनलाइन प्रेषित कर सकते है।

एनटीपीसी टांडा में धूमधाम से मना विजयादशमी

अम्बेडकरनगर। एनटीपीसी टांडा के आवासीय परिसर में विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। रामलीला के सजीव मंचन और भव्य रावण दहन के साथ परिसर में आकर्षक आतिशबाजी हुई। कार्यक्रम में एनटीपीसी के अधिकारियों.कर्मचारियों उनके परिजनों के साथ आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही।मंगलवार को आयोजित रावण दहन समारोह में एनटीपीसी टांडा के परियोजना प्रमुख राजीव कुमार सिन्हा ने रिमोट दबाकर रावण के पुतले का दहन किया। पुतले के धू.धूकर जलते ही पूरा रामलीला परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इसके बाद हुई आतिशबाजी ने समारोह में चार चांद लगा दिए। लोगों ने तालियों और जयकारों के बीच असत्य



पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का उत्सव मनाया।इस मौके पर परियोजना प्रमुख ने सभी को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सत्यए धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अपने भीतर की बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों को अपनाने का संदेश दिया। साथ ही रामलीला मंचन समिति कलाकारों और आयोजन से जुड़े लोगों के प्रयासों की सराहना की। समारोह में महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षणद्ध सुभाष कुमार सिंह अपर महाप्रबंधक ;मानव संसाधनद्ध रजनीश कुमार खेतान गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा विनीता सिन्हा समेत मंडल की सदस्याएं और एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ किसान दिवस

बहराइच । विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता में 'किसान दिवस' आयोजित किया गया। किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया। बैठक में सीडीओ ने उपस्थित किसानों से कहा कि वह किसान दिवस बैठक में अपने सुझाव या शिकायत लिखित रूप में दिया करें ,जिससे उसका निस्तारण प्राथमिकता पर किया जा सके। उन्होंने किसानों से कहा कि वह अपनी समस्याएं शिकायतें व्यक्तिगत रूप से मिलकर दे सकते हैं,जिसका निस्तारण उनके द्वारा प्राथमिकता पर किया जाएगा। उन्होंने किसानों से अधिक आय प्राप्त करने हेतु प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने की सलाह दी। बैठक में उपस्थित किसानों से अपनी समस्यायें रखने को कहा। प्रगतिशील कृषक हरिशरण सिंह ने कहा की जनपद में संचालित दुग्ध



विकास विभाग द्वारा दुग्ध मूल्य का भुगतान नहीं किया जा रहा है उनके अधिकारी गोण्डा में बैठते है जिससे दुग्ध उत्पादकों किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है। श्री सिंह द्वारा बताया गया कि के.सी.सी. लेते समय उनके खसरा में यदि गन्ना अंकित है तथा किसान द्वारा धान की बोआई अगली फसल में कर दी गयी तो किसान को फसल योजना के तहत लाभ नहीं मिल रहा है। कृषकों द्वारा रवि बोआई से पूर्व साधन सहकारी समितियों पर उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की गयी। कृषक लालता प्रसाद गुप्ता ने जल जीवन मिशन के तहत सोहरवा ग्राम में जलापूर्ति कराने की मांग की गयी।

कार्यशाला का आयोजन


श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देश पर आज आशा एएनएम सेंटर भिनगा में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर एवं आशा संगनियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय आपदा के समय मे भी मातृ शिशु पोषण सेवाओं को जारी रखने पर केंद्रित रहा। इस विषय पर जनपद की आंगनबाड़ी सुपरवाइजर और आशा संगनियों को यूनीसेफ के द्वारा चरणबद्ध रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत जनपद स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

श्रावस्ती। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत इकौना स्थित होटल ट्यूलिप इन में जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रावस्ती डॉ. अशोक कुमार सिंह ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस जनपद स्तरीय कार्यशाला का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल माध्यम से अधिक सुलभ, सरल, सुरक्षित एवं प्रभावी बनाना तथा आमजन को आधुनिक डिजिटल स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ना रहा।

एक नजर

भगवान राम के बाण से धू-धू कर जला लंकेश



रुपईडीहा, बहराइच। आस्था, उत्साह और जय श्रीराम के जयघोष के बीच दशहरा के अवसर पर नगर पंचायत रुपईडीहा के दशहरा बाग स्थित रामलीला मैदान में अधर्म पर धर्म की विजय का जीवंत मंचन किया गया। भगवान हनुमान द्वारा रावण की सोने की लंका जलाने से लेकर भगवान श्रीराम के बाण से दशानन रावण के दहन तक के दृश्य ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। जैसे ही भगवान राम का बाण लंकेश को लगा, रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा और पूरा मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। रामलीला के दौरान भगवान हनुमान द्वारा लंका दहन का दृश्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। सोने की लंका को आग के हवाले किए जाने का मंचन देखकर दर्शक भाव-विभोर हो उठे। इसके बाद भगवान श्रीराम और रावण के बीच भीषण युद्ध का सजीव चित्रण किया गया। अंत में भगवान राम के बाण से रावण का अंत हुआ, जिसने बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। **1956 से चली आ रही परंपरा पर लगा विराम, फिर भी हुआ आयोजन** नगर पंचायत रुपईडीहा में वर्ष 1956 से लगातार रामलीला का आयोजन होता आ रहा है। इस बार रामलीला से जुड़े बाबा केदारनाथ अग्रवाल के निधन के कारण परंपरागत आयोजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही। हालांकि, रामलीला कमेटी और नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रयासों से दशहरा के दिन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इससे क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया। दशहरा का यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। भगवान श्रीराम के हाथों रावण वध के दृश्य ने एक बार फिर संदेश दिया कि अहंकार, अन्याय और बुराई चाहे कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंतत: विजय सत्य और धर्म की ही होती है।

समसापुर में दुर्गा प्रतिमा हटाने पर विवाद

गोंडा। मनकापुर थाना क्षेत्र के समसापुर गांव में दुर्गा प्रतिमा हटाए जाने को लेकर दो पट्टीदारों के बीच विवाद हो गया। घटना 19 और 20 अक्टूबर की मध्यरात्रि की बताई गई है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली। पुलिस के अनुसार, एक पक्ष ने चबूतरे पर स्थापित दुर्गा प्रतिमा को वहां से हटा दिया था। हालांकि, प्रतिमा को कोई क्षति नहीं पहुंची। पुलिस ने तत्काल प्रतिमा को पुन: उसी स्थान पर स्थापित कराया। मामले में एक पुरुष और छह महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, गांव में शांति व्यवस्था सामान्य है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

30 साल बाद कब्जामुक्त नजूल भूमि पर बनेंगे अफसरों के आवास, ओपन जिम की भी योजना

गोण्डा। जिले में नजूल भूमि के नियोजित विकास की दिशा में प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। लगभग 30 वर्षों से ज्योति विद्या मंदिर के संचालन से संबंधित रही भूमि को विधिक प्रक्रिया के बाद कब्जामुक्त कराए जाने के उपरांत अब यहां अफसरों के आवास बनाने के साथ ओपन जिम विकसित करने की योजना तैयार की जा रही है। बुधवार को मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल दुर्गा शक्ति नागपाल और जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर उसकी स्थिति, उपयोगिता और प्रस्तावित विकास कार्यों की संभावनाओं का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि संबंधित भूमि पर लगभग तीन दशक से ज्योति विद्या मंदिर का संचालन हो रहा था। भूमि से जुड़ा प्रकरण सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन था। संबंधित वादी द्वारा वाद वापस लिए जाने के बाद नियमानुसार विधिक प्रक्रिया पूरी कर भूमि को कब्जामुक्त कराया गया।

बच्चे की बीमारी का बहाना बनाकर सुनार से 20 हजार की ठगी, पांच गिरफ्तार

गोंडा। बच्चे की बीमारी का हवाला देकर सुनार से नकली चांदी की करधनी के बदले 20 हजार रुपये ठगने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को कटरा बाजार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी नकली आधार कार्ड और आभूषणों के फर्जी बिल के सहारे सुनारों, आमजन और राहगीरों को ठगी का शिकार बनाते थे। कटरा बाजार निवासी सुशील कुमार पुत्र चंद्रिका प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 अक्टूबर 2026 को सरिता नाम की महिला उनकी ज्वैलरी की दुकान पर पहुंची। उसने बच्चे की तबीयत खराब होने और इलाज के लिए रुपये की जरूरत बताकर चांदी की करधनी दी और 20 हजार रुपये ले लिए। महिला के साथ आए व्यक्ति ने आधार कार्ड दिखाकर जमानत भी दी। बाद में जांच कराने पर करधनी नकली गिलट की निकली। तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 258/2026 दर्ज किया गया। पुलिस ने 20 अक्टूबर को पहाड़ापुर बाजार से कटरा बाजार जाने वाले मार्ग पर गन्ननपुरवा नहर मोड़ के पास से रहमान अली, राजेश सिंह, अखिलेश सिंह, सरिता सिंह और माधुरी सिंह को गिरफ्तार किया।

नाबालिग के साथ दुराचार और धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

गोंडा। वजीरगंज थाना क्षेत्र में रामलीला देखने गई करीब 15 वर्षीय नाबालिग के साथ दुराचार और धमकी देने के मामले में पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की मां ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 18 अक्टूबर की रात उनकी बेटी करदा चौराहे पर रामलीला देखने गई थी। इसी दौरान आरोपी उसे कथित तौर पर मुंह दबाकर झाड़ियों में ले गया और उसके साथ दुराचार किया। घटना किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक, 20 अक्टूबर को क्षेत्र में भ्रमण के दौरान प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह को सूचना मिली कि मामले में वांछित अभियुक्त झिलाही मोड़ के पास मौजूद है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर भागने का प्रयास कर रहे आरोपी कमोज को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान कमोज पुत्र आज्ञाराम, निवासी ग्राम धोबही चड़ौवा, थाना वजीरगंज के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मुकदमा अपराध संख्या 389/2026 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(1), 351(3) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4(2) के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह, उपनिरीक्षक वेदराम यादव और मुख्य आरक्षी राजकरन यादव शामिल रहे।

घाटों पर डीएम.एसपी ने परखी विसर्जन की व्यवस्था

अम्बेडकरनगर। दशहरा पर्व एवं दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी ईशा प्रिया एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने टांडा स्थित महादेवा घाट पहुंचकर विसर्जन स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने घाट पर सुरक्षा व्यवस्थाए श्रद्धालुओं की सुविधा और प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।डीएम और एसपी ने घाट पर पहुंचकर विसर्जन प्रक्रिया का मौके पर अवलोकन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के आवागमन भीड़ नियंत्रण तथा सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली।

आलापुर टांडा में लगेगा विधानसभा स्तरीय रोजगार मेला

अम्बेडकरनगर। बेरोजगार युवक.युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिले की आलापुर और टांडा विधानसभा में रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से आलापुर विधानसभा का रोजगार मेला 27 अक्टूबर को पंण् रामलखन शुक्ल राजकीय पीजी कॉलेज आलापुर तथा टांडा विधानसभा का मेला 30 अक्टूबर को चौधरी हनुमान प्रसाद कृषक पीजी कॉलेज रुद्रपुर भगाही बरियावन में आयोजित होगा।मेले में देश व प्रदेश की निजी क्षेत्र की कंपनियां प्रतिभाग कर अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इसमें 18 से 40 वर्ष आयु के 10वीं 12वीं आईटीआई उत्तीर्ण समेत उच्च शैक्षिक योग्यता वाले बेरोजगार युवक.युवतियां शामिल हो सकेंगे।जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि रोजगार मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। पंजीकरण के बाद ही मेले में प्रतिभाग किया जा सकेगा। उन्होंने पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि और स्थान पर पहुंचकर रोजगार के अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। मेले में आने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।